### मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

# जिले में 332 शिकायतें हैं 300 दिवस से भी ज्यादा समय से लंबित

रतलाम। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में 300 दिवस से ज्यादा अवधि की लंबित शिकायतों की समीक्षा के लिए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा विशेष रूप से बैठक आयोजित की गई। सोमवार शाम आयोजित बैठक में बताया गया कि जिले में 332 शिकायतें हैं जो 300 दिवस से भी ज्यादा अवधि से लंबित है। बैठक में सीईओ जिला पंचायत जमुना भिड़े उपस्थित थी। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने निर्देशित किया कि लंबित 332 में से 50 ऐसी शिकायतें हैं जो शीघ्र ही संतुष्टिपूर्वक फोर्स क्लोज की जा सकती हैं। शनिवार तक उक्त शिकायतों को संतुष्टिपूर्वक फोर्स क्लोज कर दिया जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिन शिकायतों के निराकरण में कलेक्टर की ओर से पत्र लिखा जाना है तो पत्र लिखाकर शासन को प्रेषित किया जाए। जिला श्रम विभाग के पास संबल योजना के लंबित आवेदनों के निराकरण के लिए कलेक्टर द्वारा तीन दिवस में पुनः समीक्षा की जाएगी। डिप्टी कलेक्टर मनीषा वास्कले को निर्देशित किया कि कलेक्टर कार्यालय संबंधी शिकायतों की फाइल प्रस्तुत करें। उनके निराकरण में देरी करने वाले जो भी जिम्मेदार अधिकारी होंगे उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग की शिकायतों की समीक्षा के दौरान विभाग को प्रोएक्टिव रहकर कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया।

**▶ विशेष समीक्षा कलेक्टर ने की**

नवभारत

नवभारत 14/12/21

### सीएम हेल्पलाइन

# 332 शिकायतें पेंडिंग, जिम्मेदार अधिकारियों पर होगी कार्रवाई

भास्कर संवाददाता | रतलाम

सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को लेकर कलेक्टर का रवैया सख्त है। सोमवार को कलेक्टर ने लंबित शिकायतों की जानकारी ली। जिले में 332 शिकायतें तो ऐसी थीं जोकि 300 दिन से भी ज्यादा अवधि से भी लंबित थीं। इनकी पड़ताल की तो 332 में से 50 ऐसी शिकायतें मिलीं, जो कि जल्द ही संतुष्टिपूर्वक फोर्स क्लोज की जा सकती थीं। शनिवार तक इन शिकायतों को फोर्स क्लोज करने का कहा। जिला श्रम विभाग के पास संबल योजना के लंबित आवेदनों के निराकरण के लिए कलेक्टर तीन दिवस में फिर समीक्षा करेंगे। डिप्टी कलेक्टर मनीषा वास्कले को कहा कि कलेक्टर कार्यालय संबंधी शिकायतों की फाइल दें। उनके निराकरण में देरी करने वाले जो भी जिम्मेदार अधिकारी होंगे, उनपर कार्रवाई होगी। स्कूल शिक्षा विभाग को प्रोएक्टिव होकर काम करने कहा है।

भास्कर

दै. भास्कर 14/12/21

**(कारो)बधंधा** • शहर में गाइडलाइन से ज्यादा भावों में हो रहे हैं सौदे, रजिस्ट्रियां भी ज्यादा दामों पर हो रहीं

# (ग)ाइडलाइन में जमीन के रेट तय, फिर भी (अ)पनी सहूलियत से हो रहीं रजिस्ट्रियां

(भास्)कर संवाददाता | रतलाम

**रजिस्ट्रार कार्यालय में रोज होती हैं 50-60 रजिस्ट्रियां, इसमें आधी से ज्यादा गाइडलाइन से ज्यादा भाव में**



महलवाड़ा स्थित रजिस्ट्रार विभाग में रजिस्ट्री कराने के लिए लगी लोगों की भीड़। 14-12-21

...के भाव तय करने के लिए
...ने गाइड लाइन बना रखी है।
...सौदे उससे भी ज्यादा कीमत
...हे हैं। जमीनों की रजिस्ट्रियां
...ने हिसाब से हो रही हैं। कई
... गाइड लाइन से दोगुना से
...भाव में रजिस्ट्रियां हो रही
... मामले में पंजीयक विभाग
...ना है कि रजिस्ट्री के लिए
...डलाइन तय है उससे नीचे
... रजिस्ट्री नहीं होना चाहिए।
... किसी भी भाव में पक्षकार
... करा सकते हैं।
...स्ट्रार विभाग में 50 से 60
...यां रोज हो रही है। इसमें
...धी से ज्यादा रजिस्ट्रियां
...इन से ज्यादा भाव में हो रही
... कॉलोनियों में ज्यादा भाव में
...यां हो रही हैं वे शहर की प्रमुख
...यां हैं और प्रॉपर्टी के ज्यादा
...ों कॉलोनियों में हो रहे हैं। यहां
...इन की तुलना में बाजार मूल्य
...। बाजार मूल्य पर प्लॉट या
...खरीदने के बाद लोग सर्विस
...ों के पास जा रहे हैं और
...भाव के हिसाब से रजिस्ट्री
..., दस्तावेज बुक करवाकर
... विभाग में रजिस्ट्री करवा रहे
...ग में भी आसानी से इन भावों
...ट्रियां हो रही है।

## यहां गाइडलाइन से ज्यादा दाम पर हुईं रजिस्ट्रियां

| कॉलोनी | गाइड लाइन | रजिस्ट्री हो रही |
|---|---|---|
| लेनार्ड सिटी | 697 रुपए | 697 से 1200 रुपए |
| गंगासागर | 810 रुपए | 810 से 1800 रुपए |
| रेलनगर | 630 रुपए | 630 से 1100 रुपए |
| गोविंद नगर | 630 रुपए | 630 से 1200 रुपए |
| लक्ष्मीनगर | 650 रुपए | 650 से 1200 रुपए |
| महेश नगर | 799 रुपए | 799 से 1400 रुपए |
| शुभम सृष्टि | 1115 रुपए | 1115 से 2000 रुपए |

## 5 माह पहले ही 80% बढ़ी गाइडलाइन

हर बार नई गाइड लाइन नए वित्तीय वर्ष यानी एक अप्रैल से लागू होती है। लेकिन इस साल नई गाइड लाइन एक अगस्त से लागू हुई है। इसमें शहर की 46 कॉलोनियों में जमीन 80 फीसदी तक महंगी की गई है। इसमें 11 कालोनियों में 35 फीसदी. 5 कालोनियों में 40 फीसदी, 10 कॉलोनी में 50 फीसदी, अन्य 10 कालोनियों में 6 फीसदी, 5 कालोनियों में 70 फीसदी तथा अन्य 5 कॉलोनियों में 80 फीसदी जमीन महंगी हुई थी। जहां रजिस्ट्रियों के सौदे ज्यादा हुए उनके रेट निकाले जा रहे हैं। इस आधार पर गाइडलाइन तय की जाएगी।

## गांवों में 21.68 फीसदी बढ़ाए थे जमीनों के भाव

नई गाइड लाइन में शहर में तो जमीन महंगी हुई थी। गांवों में भी जमीन के दाम बढ़ाए गए थे। इससे शहर के साथ गांवों में 21.68 फीसदी तक जमीन महंगी हुई थी। इससे गांवों में भी जमीन खरीदना महंगा हो गया था।

**लोन के लिए हो रही ज्यादा दामों में रजिस्ट्री-** प्रॉपर्टी की गाइडलाइन से ज्यादा दामों में रजिस्ट्रियां होने का मुख्य कारण होम लोन है। शहर में अधिकतर कॉलोनियों में गाइड लाइन की दर तो कम है लेकिन बाजार मूल्य ज्यादा है। ऐसे में इन कॉलोनियों में प्लाट या मकान खरीदने पर लोन कम मिलता है। ऐसे में लोन लेने वाले ज्यादा दामों में रजिस्ट्री कराते हैं ताकि लोन लेने में आसानी हो सके।

**ज्यादातर रजिस्ट्रियां गाइड लाइन से ज्यादा दाम पर हो रही हैं-** जिला पंजीयक अमरेश नायडू ने बताया जमीन के दाम तय करने के लिए गाइड लाइन तय की जाती है। इससे कम दाम पर रजिस्ट्री नहीं हो सकती है। गाइड लाइन के ऊपर कितने भी दाम पर रजिस्ट्री हो सकती है। ज्यादा दाम पर रजिस्ट्री होने से विभाग को तो फायदा ही है क्योंकि इससे राजस्व बढ़ता है।

भास्कर
14-12-21



## लाइब्रेरी खोलने भीम ब्रिगेड का ज्ञापन

रतलाम, नप्र। दलित समाज के साहित्य की कमी को पूरी करने के लिए अखिल भारतीय युवजन समाज भीम ब्रिगेड ने विधायक को ज्ञापन दिया। ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष देवा खरे ने बताया कि शहर विधायक चेतन्य काश्यप को दिए ज्ञापन में भीमराव आम्बेडकर सर्कल को सुंदर बनाए जाने के अलावा दलित साहित्य की लाइब्रेरी खोले जाने की मांग की जिससे समाज के लोगों को दलित साहित्य मुहैया होकर उनका ज्ञान बढ़ सकें। विधायक ने भरोसा दिलाया है। ज्ञापन देने में हेमंत दावरे, नरेन्द्र खरे पटेल, आनंद भेरवे, आकाश खरे, कृष्णा देसाई, हिम्मत सहित भीम ब्रिगेड के साथी मौजूद रहे।

# कॉलोनियों में पहुंचा धोलावाड़ का पानी

रतलाम, नप्र। कल से नगर की उन कॉलोनियों में भी धोलावाड़ का पानी पहुंचने लगा, जहां के बाशिंदे नलों में पानी का इंतजार कर रहे थे।

जानकारी के मुताबिक इन कॉलोनियों को धोलावाड़ की मुख्य पाइप लाइन से तो जोड़ा जा चुका था लेकिन रहवासियों के मकानों में नलों से धोलावाड़ का पानी नहीं पहुंच पा रहा था जिससे लोग धोलावाड़ के मीठे पानी का इंतजार कर रहे थे।

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश पर नगर निगम के जलप्रदाय विभाग ने कॉलोनियों में पानी प्रदाय करने की कार्यवाही शुरू की जिसके तहत राजबाग, अष्ट विनायक व लालबाग कॉलोनी में मीटर लगाकर पानी का प्रदाय शुरू कर दिया गया। इस कार्यवाही दौरान कार्यपालन यंत्री मोहम्मद हनीफ शेख, उपयंत्री सुहास पंडित, बी.एल. चौधरी व जलप्रदाय विभाग का अमला मौजूद रहा।

प्रभात किरण
14.12.21

प्रदेश में अगले साल से नई व्यवस्था, छह-छह महीने की होंगी दो अवधि

# दो किस्तों में जमा कर सकेंगे प्रॉपर्टी टैक्स

मनोज जोशी | भोपाल. प्रदेश में अगले वित्त वर्ष से नागरिकों को प्रॉपर्टी टैक्स दो किस्तों में जमा करने की सुविधा मिल जाएगी। अभी यह व्यवस्था हैदराबाद में है। इसमें संपत्ति कर को दो भागों में छह-छह महीने की अवधि में जमा कर सकेंगे। इसके लिए नगर पालिक निगम अधिनियम में बदलाव किया जा रहा है। इसका प्रस्ताव भोपाल नगर निगम ने तैयार किया था। ऐसी संभावना है कि नई व्यवस्था से टैक्स जमा करने वाले बढ़ जाएंगे।

### जून तक दोनों किस्त जमा करने पर 10% की छूट

कोई व्यक्ति जून तक प्रॉपर्टी टैक्स की दोनों किस्तें जमा करता है तो उसे 10% की छूट मिलेगी। अभी 31 अगस्त तक जमा करने पर 6.25% छूट मिलती है। नगरीय प्रशासन आयुक्त निकुंज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मासिक आधार पर छूट मिलेगी, पर समय पर जमा नहीं करने पर पेनल्टी भी लगेगी।

भास्कर
14.12.21

# गाद निकालने की मशीन रतलाम तक लाने का खर्चा करीब डेढ़ करोड़ रुपये

## झील संरक्षण योजना में अमृत सागर तालाब सुंदरीकरण का मामला

नईदुनिया



जलकुंभी से पटा शहर का प्राचीन अमृत सागर तालाब। • नईदुनिया

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। केंद्र की झील संरक्षण योजना में अमृत सागर तालाब के सुंदरीकरण में कचरा व जलकुंभी निकालने की मशीन के टेंडर हो गए हैं, लेकिन गाद निकालने का खर्च तय राशि से लगभग दोगुना होने के कारण टेंडर नहीं हो पा रहे हैं।

22.84 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट को केंद्र से स्वीकृति व प्रथम किस्त के रूप में 6.85 करोड़ रुपये का अनुदान मिलने के बाद नगर निगम ने एक्वेटिक वीड हार्वेस्टर मशीन से तालाब की सफाई के लिए 2.70 करोड़ रुपये लागत के टेंडर की प्रक्रिया लगभग पूरी हो गई है और अगले महीने हार्वेस्टर मशीन लग जाएगी। इधर तालाब की गाद निकालने के लिए लगने वाली ड्रेजर मशीन के लिए अभी इंतजार करना पड़ेगा। तालाब से गाद निकालने के लिए निगम ने 3.47 करोड़ रुपये की लागत प्रस्तावित की है। ठेका लेने वाली फर्म को तालाब से गाद निकालकर 10 किमी दूर फेंकना होगी। इस मशीन को चेन्नई पोर्ट से रतलाम तक लाने में ही करीब डेढ़ करोड़ रुपये खर्च होना बताया जा रहा है। इसके चलते लागत दो गुना हो रही है। मालूम हो कि अमृत सागर तालाब योजना की लागत पहले करीब 40 करोड़ आंकी गई थी। कई संशोधन व परिवर्तन के बाद केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय में मामला अटक गया। विधायक चेतन्य काश्यप ने तत्कालीन केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर से चर्चा कर योजना को स्वीकृत कराया। 0.18 वर्ग किलोमीटर में फैले तालाब में बोहरा बाखल तथा लक्कड़पीठा नाले का दूषित पानी मिलता है। गत एक-डेढ़ दशक से जलकुंभी की समस्या है।

**"झील संरक्षण योजना में एक्वेटिक वीड हार्वेस्टर मशीन का टेंडर हो गया है। ड्रेजर मशीन लगाने का खर्च ज्यादा बताया जा रहा है। प्रक्रिया चल रही है।**

**-सोमनाथ झारिया, निगमायुक्त**

### दस साल तक मेंटेनेंस व संचालन करेगी फर्म

वीड हार्वेस्टर मशीन से तालाब में जलकुंभी सहित अन्य कचरा साफ किया जाएगा। 2.70 करोड़ रुपये की लागत का ठेका लेने वाली फर्म को 10 साल तक मशीन का संचालन व संधारण करना होगा। एक्वेटिक वीड हार्वेस्टर मशीन नाव की तरह होती है और चलते-चलते ही मशीन के दूसरे हिस्से में पानी में तैर रहा कचरा, जलकुंभी जमा होती है।

नई दुनिया
14-12-21

**राहत** • शहर के 100 प्रतिशत वैक्सीनेटेड होने के बाद सनातन धर्मावलंबियों के लिए आई अच्छी खबर

# 24 दिसंबर से लगेगा त्रिवेणी मेला

भास्कर संवाददाता | रतलाम

त्रिवेणी पावन तट पर 24 दिसंबर से 3 जनवरी तक 68वां महारुद्र यज्ञ और मेला भी लगेगा। कोरोना महामारी के चलते पिछले साल त्रिवेणी का मेला स्थगित कर दिया था। इस बार शहर में शतप्रतिशत लोगों को वैक्सीनेशन लगने के साथ ही कोरोना का प्रभाव नहीं के बराबर होने से शहर में त्रिवेणी मेला लगेगा। हालांकि प्रशासन ने भीड़ नियंत्रण के निर्देश दिए हैं। मेला लगने से जहां शहरवासियों में उत्साह देखने को मिल रहा है वहीं मेले में आकर छोटा-बड़ा व्यापार करने वालों की भी आस जागी है।

बता दें कि 68 सालों से श्री सनातन धर्म सभा व महारुद्र यज्ञ समिति द्वारा महारुद्र यज्ञ किया जा रहा है। इसके चलते वहां मेला लगता है। शुरुआती दौर में छोटी-बड़ी दुकानें लगने के साथ उसे मेला का रूप दिया था। इसके बाद नगर निगम अपने स्तर पर मेला आयोजित करने लगा। पिछले साल कोरोना महामारी के चलते मेला नहीं लग पाया था। केवल महारुद्र यज्ञ हुआ था। इस मर्तबा शतप्रतिशत लोगों को वैक्सीन के साथ सनातन धर्म सभा व महारुद्र यज्ञ समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों ने पिछले दिनों कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम व निगमायुक्त सोमनाथ झारिया से मिलकर उनसे मांग की थी कि कोरोना महामारी का प्रभाव कम हो गया है, त्रिवेणी मैदान में लगने वाले मेले को शुरू किया जाए, ताकि लगने वाले मेला से आजीविका चलाने वालों को रोजगार मिलें।

## भीड़ नियंत्रित रखी जाए

*"त्रिवेणी मेला आयोजन का आयोजन होगा। मेले में भीड़ नियंत्रित रखी जाए, संख्या सीमित हो। कोरोना प्रोटोकॉल का पूरी तरह से पालन हो इसको लेकर निगमायुक्त को निर्देशित किया है।"*
**कुमार पुरुषोत्तम, कलेक्टर**

## मेले को लेकर प्रतिनिधिमंडल विधायक से मिला



सनातन धर्म सभा व महारुद्र यज्ञ समिति के प्रतिनिधिमंडल ने विधायक चेतन्य काश्यप से मुलाकात की। त्रिवेणी तट पर हर साल होने वाले महा रुद्र यज्ञ के साथ मेले के आयोजन पर चर्चा हुई। विधायक काश्यप ने कलेक्टर कुमार पुरू षोत्तम से चर्चा कर कहा कि त्रिवेणी तट पर परंपरागत रूप से मेले का आयोजन किया जाएगा। विधायक काश्यप ने प्रतिनिधि मंडल को बताया कि कलेक्टर द्वारा कोविड नियमों का ध्यान रखते हुए परंपरागत रूप से मेले के आयोजन की स्वीकृति दी गई है। विधायक काश्यप ने निगमायुक्त सोमनाथ झारिया से भी चर्चा की और उन्हें मेले की तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। सनातन धर्म सभा व महारुद्र समिति के प्रतिनिधि मंडल में कन्हैयालाल मौर्य, नवनीत सोनी, रामचंद्र शर्मा, लालचंद्र टांक, मनोहर पोरवाल, अशोक देवड़ा, महेश व्यास सहित अन्य मौजूद रहे।

भास्कर
14-12-21

हाल-ए-सीएम हेल्पलाइन...

# जिले में 332 शिकायतों का दस माह बाद भी नहीं हो पाया 'हल'

पत्रिका एक्सपोज

## कलेक्टर ने बुलाई समीक्षा बैठक, कुछ शिकायतों को बंद करने के लिए फोर्स क्लोज का लेंगे सहारा




पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. जिले में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के हाल बेहाल हैं। यहां के अफसरों को शिकायतों का निराकरण करने तक की फूर्सत नहीं है, जिसके चलते आमजन की शिकायतों का यहां भी जल्द निराकरण का सपना अधूरा ही रह जाता है। जिले के अधिकारियों द्वारा सीएम हेल्पलाइन को लेकर क्या कार्रवाई की जा रही है, इसका पता लगाने के लिए कलेक्टर कुमार पुरषोत्तम ने सोमवार को अधिकारियों को बुलाकर इसकी समीक्षा की ।

कलेक्टर की इस समीक्षा में सीएम हेल्पलाइन के हाल बेहाल नजर आए। कलेक्टर ने मुख्य रूप से 300 दिवस से ज्यादा अवधि की लंबित शिकायतों की समीक्षा की। इसमें जिले में 332 शिकायतें ऐसी निकली जिनका निराकरण 300 दिनों के बाद भी नहीं हो सका है। ऐसे में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि लंबित 332 शिकायतों में से 50 ऐसी शिकायतें ऐसी हैं जो शीघ्र ही संतुष्टिपूर्वक फोर्स क्लोज की जा सकती हैं। ऐसे में शनिवार तक उक्त शिकायतों को फोर्स क्लोज कर दिया जाए।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिन शिकायतों के निराकरण में कलेक्टर की ओर से पत्र लिखा जाना है तो पत्र लिखाकर शासन को प्रेषित किया जाए। जिला श्रम विभाग के पास संबल योजना के लंबित आवेदनों के निराकरण के लिए कलेक्टर द्वारा तीन दिन में पुनः समीक्षा की जाएगी। डिप्टी कलेक्टर मनीषा वास्कले को निर्देशित किया कि कलेक्टर कार्यालय संबंधी शिकायतों की फाइल प्रस्तुत करें।

### देरी करने वाले अधिकारी होंगे जिम्मेदार

उनके निराकरण में देरी करने वाले जो भी जिम्मेदार अधिकारी होंगे, उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने स्कूल शिक्षा विभाग की शिकायतों की समीक्षा के दौरान विभाग को प्रोएक्टिव रहकर कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया।

पत्रिका
14.12.21

शाकम्भरी

## क्या जिला कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम अपने पद की ताकत दिखाते हुए

# रतलाम नगर की खसरा नंबर 138, 139 व 140 की करीब 20 बीघा सरकारी जमीन जो सैलाना बस स्टैंड के पास स्थित है पर से अतिक्रमण हटवाकर शासन के आधिपंत्य में लेंगे?

(डी.पी. अग्रवाल)

रतलाम। हमारे संवाददाता को जनता में चल रही चर्चा से जानकारी मिली है कि सैलाना बस स्टैंड के पास सरकारी शासकीय जमीन खसरा नंबर 138, 139 व 140 है जिस पर वर्तमान में कबाड़ियों की व अन्य रसूखदारों ने अतिक्रमण कर अवैध रूप से कब्जा कर भवन निर्माण तथा दुकानें आदि लगा रखी है जिसकी वर्तमान में कम से कम 500 से 1000 करोड़ से कम कीमत से भी ज्यादा की होगी परंतु आपके पूर्व जिले के जवाबदार अधिकारियों ने तथा उनके बाबूओं के मिलकर भ्रष्टाचार के तहत आंखें बंद कर गांधीजी के तीन बंदरों की तरह बैठे थे तथा अपने स्तर पर शासन हित में कठोर कार्यवाही करने के बजाय अतिक्रमणकारियों को न्यायालय की शरण में जाने का अवसर दिया?



यह खुशी की बात है कि आपके द्वारा शासन हित में दृढ़ता से ठोस निर्णय लिए जा रहे है को देखते हुए आपसे जनहित एवं शासन हित में अपेक्षा है कि आप अपनी सूझबूझ से इस उपरोक्त शासकीय जमीन को शासन के आधिपत्य में लेकर शासन को करीब 500 से 1000 करोड़ से अधिक के होने वाले नुकसान से शासन को बचाएंगे तथा इस जमीन को खाली करवाने के बाद इस जमीन पर जिला न्यायालय के लिए भवन निर्माण की योजना भी बना सकते है जो जनहित में होगी? ऐसी आपसे अपेक्षा है?

## रतलाम शहर सर्वे नंबर 117 की नजूल (शासकीय) भूमि से दृढ़ता से अतिक्रमण हटवाकर उस पर रजिस्ट्रार कार्यालय भवन बनवाने की घोषणा से शहर की जनता व अभिभाषकगणों में खुशी की लहर है, जिसके लिए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम को हार्दिक बधाईयां तथा उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित।

रतलाम। आम जनता में चर्चा है कि कुमार पुरुषोत्तम जिले के ऐसे पहले कलेक्टर है जिन्होंने शासन हितों को ध्यान में रखते हुए अपने कठोर निर्णय के द्वारा शहर की सर्वे नंबर 117 की शासकीय (नजूल) भूमि से अतिक्रमणकारियों का कब्जा हटवाकर वहां पर जनहित में शहर के बीचों-बीच रजिस्ट्रार कार्यालय भवन बनवाने की घोषणा की, जिसके लिए शहर की जनता व अभिभाषकगणों की ओर से कुमार पुरुषोत्तम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं तथा बहुत-बहुत धन्यवाद। अगर कुमार पुरुषोत्तम की तरह पूर्व में रहे जिला कलेक्टर भी दबंगता दिखाते तथा शासन हितों को ध्यान में रखते तो कई शासकीय तथा लीज की भूमियां भूमाफियाओं के कब्जे में जाने से बच जाती, जिनकी कीमत करोड़ों रुपए थी? इस दृढ़ निर्णय और सूझबूझ से लिए गए निर्णय के लिए जिला कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम को एक बार पुनः हार्दिक बधाई तथा शुभकामनाएं। आपसे जनता को अपेक्षा है कि जिले में भूमाफियाओं ने अवैध रूप से भ्रष्टाचार के तहत शासकीय व लीज की जमीनों व आदिवासियों की जमीनों को अवैध रूप से अपने नाम करवा ली है उन्हें दृढ़तापूर्वक मुक्त करवाकर एक कुशल शासक का परिचय देंगे जिसके लिए रतलाम की जनता आपको याद करें तथा हम हमेशा आपके साथ खड़े है।

शाकम्भरी 14/12/21

मीडिया को देख आनन - फानन में मंगवाए जूते : सितंबर में रतलाम में भी हुई थी अनदेखी

# भोपाल में हादसा : यहां भी बगैर संसाधन कर्मचारी को ड्रेनेज चैंबर में उतारा

फॉलोअप




पत्रिका

सितंबर में प्रकाशित खबर।

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com


बगैर संसाधन के कर्मचारी को उतारते


मीडिया देख मंगवाए नए जूते

**रतलाम.** भोपाल में सीवर के चैंबर ने दो कर्मचारियों की जान ले ली। सितंबर माह में रतलाम के मोचीपुरा में भी एक कर्मचारी को गंदे नाले की सफाई के लिए बिना सुरक्षा उतारा गया था। इसके बाद सोमवार को शहर के दो बत्ती जैसे व्यस्त रहने वाले चौराहे पर एक बार फिर गंदगी से भरे चेंबर की सफाई के लिए कर्मचारी को बगैर संसाधन के उतार दिया। जब मीडिया की टीम पहुंची तो आनन - फानन में उन जूतों को मंगवाया गया, जो कायदे से पहले ही दिए जाने थे। बता दे कि सोमवार को ही भोपाल के ताउखेड़ी में निजी कंपनी का इंजीनियर समेत दो कर्मचारियों की मौत सीवरेज के टैंक में उतरने के बाद हो गई। निगम सबक लेने को तैयार नहीं है।

शहर के विभिन्न जोन में चैंबर, नाले आदि की सफाई के लिए काम करने वाले निगम के करीब 900 से अधिक कर्मचारियों को बगैर संसाधन के ही गंदगी में उतारा जा रहा है, जबकि यह कायदे के खिलाफ है। ऐसा ही मामला सोमवार को फिर सामने आया है। दो बत्ती क्षेत्र में झोन प्रभारी, स्वास्थ्य अधिकारी, वार्ड दारोगा आदि ने एक कर्मचारी को बगैर संसाधन के मैदान में उतार दिया। जब मीडिया ने इसके फोटो-वीडियो बनाए तब ताबड़तोड़ संसाधन मंगवाए गए।

## यह कहता है कानून

वर्ष 1993 में हाथ से मैला ढ़ाने की प्रथा को पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया जा चुका है। इसमे सजा से लेकर जुर्माने का नियम है। वर्ष 2013 में मैनुअल स्कैवेंजर्स के नियोजन का प्रतिषेध व पुनर्वास अधिनियम बनाया गया था।

नगर निगम सफाई कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के राम कल्याणे, कमल शिंदे, विजय खरे आदि के अनुसार पूर्व में भी इन मामलों को कई बार उठाया है कि कर्मचारी को बगैर संसाधन के चेंबर या नाले में नहीं उतारा जाए। हर बार संसाधन देने का भरोसा दिया जाता है, लेकिन यह आश्वासन ही साबित होता है। बैठक करके इस मामले में निर्णय लिया जाएगा।

इस मामले की सूचना मिली है। पूरी जानकारी विभागीय अधिकारियों से मंगवाई है। इसके बाद कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**- सोमनाथ झारिया,** आयुक्त
नगर निगम रतलाम

पत्रिका
14-12-21

## न्यूज गैलरी

### जलप्रदाय अधिकारी और कर्मचारियों की वेतनवृद्धि रोकी

रतलाम। नगर निगम को हस्तान्तरित कालोनियों में बल्क कनेक्शन देने की स्वीकृति के बाद भी पेयजल सप्लाय नहीं करने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा जलप्रदाय विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों की एक-एक वेतनवृद्धि रोक दी गई है ।मालूम हो कि मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के 11 दिसंबर के दौरे में हेलीपेड पर स्थानीय रहवासियों ने पेयजल आपूर्ति को लेकर शिकायत की थी। इसके बाद 12 दिसंबर से सप्लाय शुरू की गई। जलप्रदाय विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा यह कार्य पूर्व में ही कर लिया जाता तो मुख्यमंत्री की नाराजगी का सामना नहीं करना पड़ता। इस घोर लापरवाही के कारण मध्यप्रदेश सिविल सेवा ( वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम-1966 के तहत मोहम्मद हनीफ शेख प्रभारी कार्यपालन यंत्री, भैयालाल चौधरी, सुहास पंडित उपयंत्री, नीरज यादव केमिस्ट व मोहनलाल ओसारी पंप की एक-एक वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकी गई।

... उल्लंघन संबंधी

नई दुनिया
14-12-21

स्वास्थ्य विभाग द्वारा धीमी गति से की जा रही जांच पर कलेक्टर ने ढ़िलाई न बरतने के दिए निर्देश

# विवाह समारोह में कोरोना जांच के लिए करें सैंपल एकत्र

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. कोरोना की तीसरी लहर की संभावना को देखते हुए कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अमले को अलर्ट रहने की हिदायत दी है। इसके साथ ही निर्देश दिए कि कोरोना नियंत्रण के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग सैंपल लेने में ढिलाई नहीं बरते। विवाह समारोह आयोजित हो रहे हैं, विभाग अपनी टीम भेजें, सैंपल ले और जांच कराएं।



बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने उर्वरक उपलब्धता, मुख्यमंत्री राशन आपके द्वार, प्रधानमंत्री स्वनिधि, कोविड-19 अनुकंपा नियुक्ति आदि योजनाओं, कार्यों की समीक्षा की। इसके साथ ही जनसुनवाई में आए आवेदनों के निराकरण की समीक्षा में कलेक्टर ने नाराजगी जताई। उन्होने कहा कि जनपद पंचायत रतलाम, जनपद बाजना, एसडीएम सैलाना का निराकरण शून्य है जो निष्ि यता का परिचायक है।

## ठेकेदार पर क्यों नहीं की कार्रवाई

एमपीआरडीसी की सड़क के बारे में बताया कि वहां जितने पेड़ ठेकेदार द्वारा काटे गए उतने लगाए नहीं गए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को ठेकेदार पर कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर ने रतलाम ग्रामीण के सेमलिया में जल जीवन मिशन की जानकारी ली। कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री से पूछा कि ठेकेदार पर कार्रवाई क्यों नहीं की, जिस पर जवाब मिला कि ठेकेदार तय समय सीमा में काम पूरा कर देगा। जिला आपूर्ति अधिकारी एसएच चौधरी ने बताया कि शासन की योजना के अंतर्गत भिक्षावृत्ति करने वाले व्यक्तियों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत खाद्य सुरक्षा प्रदान की जाएगी। कलेक्टर ने सभी नगरपालिका अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह शासन के निर्देशानुसार भिक्षावृत्ति करने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर योजना का लाभ दिलवाएं। कलेक्टर ने त्रिवेणी मेला आयोजन के लिए निगमायुक्त को निर्देशित किया। उन्होने कहा कि मेले में भीड़ नियंत्रित रखी जाए, संख्या सीमित हो।

पत्रिका
14-12-21

## मांगें पूरी नहीं होने से निगम कर्मी नाराज, 17 से प्रदर्शन

रतलाम | लंबित मांगों का निराकरण नहीं होने से नगर निगम के कर्मचारी नाराज है और आंदोलन की चेतावनी दी है। नगर पालिक निगम कर्मचारी यूनियन के संरक्षक हरीश मिश्रा, सुरेश सोलंकी, परामर्शदाता श्याम टेकवानी, देवेंद्र जोशी, अध्यक्ष राजेंद्रसिंह राठौर, महासचिव कुलदीप भट्ट सहित यूनियन के पदाधिकारियों ने बताया 9 सूत्रीय मांगों को लेकर मांग-पत्र सौंपा था। निगम प्रशासन द्वारा उक्त मांगों के निराकरण नहीं करने तथा समक्ष में चर्चा नहीं करने से निगम प्रशासन का कर्मचारियों के प्रति उदासीन रवैया प्रकट होता है। निगम प्रशासन के उक्त कर्मचारी विरोधी रवैये से कर्मचारी यूनियन तथा कर्मचारियों में रोष है। मांगों के निराकरण के लिए 17 दिसंबर को कर्मचारी यूनियन काली पट्टी बांधकर विरोध करेंगे।

14-12

14-12-21

## खुले में गंदगी करने पर 17 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते है, मलबा डालकर अतिक्रमण करते है उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है, जिसके तहत 12 दिसम्बर को 17 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार खुले में गंदगी करने पर लोकेन्द्र, अजय अलकापुरी, कमल, सुभाष, भूपेन्द्र विनोबा नगर, रमेश, प्रवीण मोहन नगर, लालसिंह जवाहर नगर, राजेश पाठक कस्तुरबा नगर पर 100-100, कपील, सुनील विनोबा नगर, बाबूलाल तिवारी, राजेश मोहन नगर, हिम्मत, रतन, उमेश, विकास जवाहर नगर पर 50-50 रूपए का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी। इसके अलावा नगर विभिन्न क्षेत्रों में बिना मास्क वाले 56 व्यक्तियों पर 100-100 रूपए का स्पॉट फाईन पर मास्क अनिवार्य रूप से लगाने की समझाईश दी गई।

## राजबाग, अष्ट विनायक व लालबाग कॉलोनी में पेयजल सप्लाय प्रारंभ

रतलाम। नगर की ऐसी कॉलोनियां जिन्हें घोलावाड़ की मुख्य पाईप लाईन से जोड़ा जा चुका था, किन्तु पेयजल सप्लाय प्रारंभ होना शेष थी निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार ऐसी कॉलोनियों में पेयजल सप्लाय की कार्यवाही नगर निगम के जलप्रदाय विभाग द्वारा प्रारंभ कर दी गई है, जिसके तहत राजबाग, अष्ट विनायक व लालबाग कॉलोनी में मीटर लगाकर 12 दिसम्बर रविवार से पेयजल सप्लाय प्रारंभ की गई।

पेयजल सप्लाय की कार्यवाही के दौरान कार्यपालन यंत्री मोहम्मद हनीफ शेख, उपयंत्री सुहास पंडित, बी.एल. चौधरी व जलप्रदाय विभाग का अमला उपस्थित था।


14-12-

## शहर में बनाए गए फुटपाथ क्या लोगों के पैदल चलने के लिए है या वाहन खड़े करने के लिए या दुकानदारों के उनके दुकान के सामान रखने के लिए? क्या जिला कलेक्टर, नगर निगम आयुक्त तथा यातायात सुधार के तहत पैदल चलने वाले लोगों की सुरक्षा की दृष्टि से फुटपाथ पर से अतिक्रमण हटवाएंगे?

(डी.पी. अग्रवाल)

रतलाम। आम जनता में चर्चा है कि यातायात पुलिस तथा निगम के जवाबदार अधिकारियों की अनदेखी तथा अनुभवहीनता के कारण या लापरवाही के तहत सड़क के दोनों तरफ फूटपाथ तो बना दिए पर दुकानदारों के साथ आपसी मिलीभगत तथा शहर में जगह-जगह वाहन पार्किंग की सुविधा उपलब्ध नहीं होने से जहां फुटपाथ पैदल चलने वाले यात्रियों के लिए होना चाहिए वहां पूरे शहर में दुकानदारों ने अपने वाहन व अपनी दुकान के सामान दुकान से बाहर निकालकर फुटपाथ पर जमा कर अवैध अतिक्रमण (कब्जा) किया हुआ है। क्या जिला कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम नगर निगम आयुक्त को निर्देश देकर पैदल चलने वाले यात्रियों की सुरक्षा की दृष्टि से फुटपाथ शीघ्र खाली करवाएंगे तथा शहर में जगह-जगह वाहन पार्किंग बनाने के निर्देश देंगे तथा जहां बाजार सकड़े है उन मार्गों को एकांगी मार्ग घोषित करवाएंगे ताकि यातायात अवरूद्ध न हो।

शाकम्भरी





शाकम्भरी दर्पण 14/12/21

# बैठक में बोले गलत निर्माण मंजूर नहीं

रतलाम. शहर में आवास निर्माण के लिए दी जाने वाली मंजूरी के विपरीत निर्माण नहीं हो, इसके लिए निगम के लोकनिर्माण विभाग के इंजीनियर्स व आर्किटेक्ट के साथ सोमवार शाम को आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बैठक ली। बैठक तरणताल स्थित कार्यालय में हुई। इस दौरान आर्किटेक्ट को बताया गया कि वे जो नक्शा निगम में जमा करके मंजूरी ले रहे हैं, निर्माण उसी अनुसार हो, यह देखना भी उनकी जवाबदारी है। पूर्व में जो निर्माण हुए हैं, लाइसेंस लेने वाले आर्किटेक्ट से इस बारे में सूचना मांगी गई है, लेकिन वो अब तक मिली नहीं है। इसलिए समय पर सूचना दें, अन्यथा कार्रवाई करते हुए लाइसेंस निरस्त कर दिए जाएंगे। इस दौरान निगम के इंजीनियर्स को भी चेताया की वे समय - समय पर जाकर मौका निरीक्षण करें, अन्यथा उनके खिलाफ वेतनवृद्धि रोकने सहित निलंबन की कार्रवाई होगी। निगम के बुलावे पर करीब 12 आर्किटेक्ट बैठक में पहुंचे। इस दौरान विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

पत्रिका 14/12/21

प्रभातकिरण



आगे जुर्माना... पीछे रवाना...

सैलाना बस स्टैंड महाराणा प्रताप चौराहे पर बिना मॉस्क लोगों पर चालानी कार्रवाई।

# गंदगी करते 17, बिना मॉस्क के 56 पकड़ाए

रतलाम, नप्र। शहर को साफ और सुंदर रखने के साथ ही सेहतमंद रहने के लिए नगर निगम स्वास्थ्य विभाग के सहायक स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह ने लोगों से अपील की कि खुले में कचरा डालने की आदत छोड़कर घर से निकलते ही मॉस्क लगाना ना भूलें।

सिंह ने बताया कि कलेक्टर एवं प्रशासक नगर निगम कुमार पुरुषोत्तम एवं निगमायुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश पर खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करने वाले अथवा मलबा डालकर कब्जा करने वालों के खिलाफ मौके पर ही जुर्माना लगाए जाने की कार्रवाई की जा रही है। निगम ने कल ऐसे सत्रह लोगों को पकड़ा जो खुले में गंदगी कर नगर को गंदा कर रहे थे। लोकेन्द्र, अजय अलकापुरी, कमल, सुभाष, भूपेन्द्र विनोबा नगर, रमेश, प्रवीण मोहन नगर, लालसिंह जवाहर नगर, राजेश पाठक कस्तुरबा नगर पर सौ-सौ रुपए, कपिल, सुनील विनोबा नगर, बाबूलाल तिवारी, राजेश मोहन नगर, हिम्मत, रतन, उमेश, विकास जवाहर नगर पर 50-50 रुपए का जुर्माना कर भविष्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी। इसके अलावा बिना मास्क वाले 56 लोगों पर सौ-सौ रुपए का जुर्माना कर मास्क जरूरी रूप से लगाने की समझाईश दी गई।

43 टन कचरा पहुंचा-कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से अलग-अलग जमा किया जा रहे गीले-सूखे कचरे व सड़को व नाले-नालियों की सफाई दौरान निकलने वाले कचरे का रोजाना वजन कर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जा रहा है। कल वहां 43 टन से अधिक कचरा पहुंचाया।

14-12 प्रभात किरण

प्रभातकिरण
14.12-21

# शादी समारोह में भी सैंपल ले स्वास्थ्य विभाग का अमला

## निर्देश : समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने कहा

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना नियंत्रण के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग सैंपल लेने में ढिलाई नहीं बरते। शादी-विवाह बड़ी संख्या में आयोजित हो रहे हैं, विभाग अपनी टीम भेजकर सैंपल ले और जांच कराए। यह निर्देश सोमवार को समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत जमुना भिड़े, डिप्टी कलेक्टर मनीषा वास्कले, कृतिका भीमावद, एसडीएम अभिषेक गहलोत, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, सीएमएचओ डा. प्रभाकर ननावरे तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर ने उर्वरक उपलब्धता, मुख्यमंत्री राशन आपके द्वार, प्रधानमंत्री स्वनिधि, कोविड-19 अनुकंपा नियुक्ति आदि योजनाओं, कार्यों की समीक्षा की।



टीएल बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम। • नईदुनिया

### बाजना, सैलाना, रतलाम जनपद में जनसुनवाई निराकरण शून्य

जनसुनवाई आवेदनों के निराकरण की समीक्षा में कलेक्टर ने नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि जनपद पंचायत रतलाम, जनपद बाजना, एसडीएम सैलाना का निराकरण शून्य है जो निष्क्रियता का परिचायक है। मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम की सड़क के बारे में बताया गया कि वहां जितने पेड़ ठेकेदार द्वारा काटे गए उतने लगाए नहीं गए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को ठेकेदार के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। सेमलिया में जल जीवन मिशन क्रियान्वयन की धीमी गति से एसडीएम ग्रामीण द्वारा अवगत कराया गया। कलेक्टर ने पीएचई कार्यपालन यंत्री पर नाराजगी व्यक्त कर पूछा कि ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है। कार्यपालन यंत्री ने कहा कि ठेकेदार द्वारा शीघ्र समय सीमा में कार्य पूर्ण करने का आश्वासन दिया है।

### भिक्षावृत्ति करने वालों को भी खाद्यान्न दें

बैठक में जिला आपूर्ति अधिकारी सिद्दीक हुसैन चौधरी ने बताया कि शासन की योजना के अंतर्गत भिक्षावृत्ति करने वाले व्यक्तियों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत खाद्य सुरक्षा दी जाएगी। कलेक्टर ने सभी नगरपालिका अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे शासन के निर्देशानुसार भिक्षावृत्ति करने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर योजना का लाभ दिलवाएं।

### रावटी-नायन मार्ग बेहद खराब

कलेक्टर द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क के महाप्रबंधक तथा लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री को निर्देशित किया कि रावटी-नायन सड़क का निर्माण तेजी से करवाएं। सड़क की स्थिति बहुत खराब है। रतलाम शहर के शेरानीपुरा क्षेत्र की सड़क के सुधार के लिए भी नगर निगम आयुक्त को तेजी से कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। बैठक में निगम आयुक्त द्वारा 15 दिसंबर से शुरू होने वाले नगर सरकार आपके द्वार अभियान की जानकारी दी।

नईदुनिया

14-12-21

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

# स्वास्थ्य विभाग सैंपल लेने में ढिलाई नहीं बरते

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

**समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने निर्देश दिए कि कोरोना नियंत्रण के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग सैंपल लेने में ढिलाई नहीं बरते। शादी-विवाह बड़ी संख्या में आयोजित हो रहे हैं, विभाग अपनी टीम भेजें, सैंपल ले और जांच कराएं। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े, डिप्टी कलेक्टर सुश्री मनीषा वास्कले, सुश्री कृतिका भीमावद, एस डी एम अभिषेक गहलोत, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, सी एम एच ओ डॉ. प्रभाकर ननावरे तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।**



बैठक में कलेक्टर द्वारा उर्वरक उपलब्धता, मुख्यमंत्री राशन आपके द्वार, प्रधानमंत्री स्वनिधि, कोविड-19 अनुकंपा नियुक्ति आदि योजनाओं, कार्यों की समीक्षा की। जनसुनवाई कार्यक्रम में आए आवेदनों के निराकरण की समीक्षा में कलेक्टर ने नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि जनपद पंचायत रतलाम, जनपद बाजना, एस डी एम सैलाना का निराकरण शून्य है, जो निष्क्रियता का परिचायक है। मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम की सड़क के बारे में बताया गया कि वहां जितने पेड़ ठेकेदार द्वारा काटे गए उतने लगाए नहीं गए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी श्री मूले को निर्देशित किया कि ठेकेदार के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाए।

कलेक्टर द्वारा रतलाम ग्रामीण के सेमलिया में योजना के क्रियान्वयन की धीमी गति से एसडीएम ग्रामीण द्वारा अवगत कराया गया। कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री श्री गोगादे के प्रति नाराजगी व्यक्त की। ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है पूछा गया। कार्यपालन यंत्री ने कहा कि ठेकेदार द्वारा शीघ्र समय सीमा में कार्य पूर्ण करने हेतु आश्वस्त किया गया है।

बैठक में जिला आपूर्ति अधिकारी सिद्दीक हुसैन चौधरी द्वारा बताया गया कि शासन की योजना के अंतर्गत भिक्षावृत्ति करने वाले व्यक्तियों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत खाद्य सुरक्षा प्रदान की जाएगी। कलेक्टर ने सभी नगरपालिका अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे शासन के निर्देशानुसार भिक्षावृत्ति करने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर योजना

कलेक्टर द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क के महाप्रबंधक तथा लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री को निर्देशित किया कि रावटी-नायन सड़क का निर्माण तेजी से करवाएं। सड़क की स्थिति बहुत खराब है। रतलाम शहर के शैरानीपुरा क्षेत्र की सड़क के सुधार के लिए भी नगर निगम आयुक्त को तेजी से कार्य शुरू करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने रतलाम में त्रिवेणी मेला आयोजन के लिए भी निगमायुक्त को निर्देशित किया। कलेक्टर ने कहा कि मेले में भीड़ नियंत्रित रखी जाए, संख्या सीमित हो। बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा आगामी 15 दिसंबर से नगर सरकार आपके द्वार अभियान प्रारंभ होने के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। कलेक्टर द्वारा संबंधित अधिकारियों को

प्रसारण
14-12

# आयोजनों में विभाग टीमें भेजें, सैंपल लेकर जांच कराए: कलेक्टर

रतलाम। समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने निर्देश दिए कि कोरोना नियंत्रण के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग सैंपल लेने में ढिलाई नहीं बरते। शादी-विवाह बड़ी संख्या में आयोजित हो रहे हैं, विभाग अपनी टीम

## ▸ कलेक्टर ने समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

भेजें, सैंपल ले और जांच कराएं। बैठक में सीईओ जिला पंचायत जमुना भिड़े, डिप्टी कलेक्टर मनीषा वास्कले, कृतिका भीमावद, एसडीएम अभिषेक गहलोत, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर द्वारा उर्वरक उपलब्धता, मुख्यमंत्री राशन आपके द्वार, प्रधानमंत्री स्वनिधि, कोविड-19 अनुकंपा नियुक्ति आदि योजनाओं, कार्यों की समीक्षा की। जनसुनवाई कार्यक्रम में आए आवेदनों के निराकरण की समीक्षा में कलेक्टर ने नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि जनपद पंचायत रतलाम, जनपद बाजना, एसडीएम सैलाना का



निराकरण शून्य है जो निष्क्रियता का परिचायक है। मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम की सड़क के बारे में बताया गया कि वहां जितने पेड़ ठेकेदार द्वारा काटे गए उतने लगाए नहीं गए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी श्री मूले को निर्देशित किया कि ठेकेदार के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाए। कलेक्टर द्वारा रतलाम ग्रामीण के सेमलिया में जल जीवन मिशन की जानकारी ली गई। नल जल योजना के क्रियान्वयन की धीमी गति से एसडीएम ग्रामीण द्वारा अवगत कराया गया। कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री श्री गोगादे के प्रति नाराजगी व्यक्त की। ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है पूछा गया। कार्यपालन यंत्री ने कहा कि ठेकेदार द्वारा शीघ्र समय सीमा में कार्य पूर्ण करने हेतु आश्वस्त किया गया है।

बैठक में जिला आपूर्ति अधिकारी सिद्दीक हुसैन चौधरी द्वारा बताया गया कि शासन की योजना के अंतर्गत भिक्षावृत्ति करने वाले व्यक्तियों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत खाद्य सुरक्षा प्रदान की जाएगी। कलेक्टर ने सभी नगरपालिका अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे शासन के निर्देशानुसार भिक्षावृत्ति करने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर योजना का लाभ दिलवाएं।

कलेक्टर द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क के महाप्रबंधक तथा लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री को निर्देशित किया कि रावटी-नायन सड़क का निर्माण तेजी से करवाएं। सड़क की स्थिति बहुत खराब है। रतलाम शहर के शैरानीपुरा क्षेत्र की सड़क के सुधार के लिए भी नगर निगम आयुक्त को तेजी से कार्य शुरू करने के निर्देश दिए।

### लगेगा त्रिवेणी मेला, कलेक्टर ने दिए भीड़ नियंत्रित रखने के निर्देश

कलेक्टर ने रतलाम में त्रिवेणी मेला आयोजन के लिए भी निगमायुक्त को निर्देशित किया। कलेक्टर ने कहा कि मेले में भीड़ नियंत्रित रखी जाए, संख्या सीमित हो। बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा आगामी 15 दिसंबर से नगर सरकार आपके द्वार अभियान प्रारंभ होने के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। कलेक्टर द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देशित किया गया।

नवभारत

नवभारत 14/12/21

# दो साल बाद लगेगा ग्यारह दिवसीय त्रिवेणी मेला, तैयारी शुरू

रतलाम। धार्मिक महत्व के 11 दिवसीय त्रिवेणी मेले का आयोजन इस साल किया जाएगा। सनातन धर्म सभा एवं महारुद्र यज्ञ समिति के प्रतिनिधिमंडल ने विधायक चेतन्य काश्यप से मुलाकात कर त्रिवेणी तट पर प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले महारुद्र यज्ञ के साथ मेले के आयोजन पर चर्चा की। समिति की पहल पर विधायक ने कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम से परंपरागत रूप से मेले का आयोजन करने पर चर्चा की।

विधायक काश्यप ने प्रतिनिधिमंडल को बताया कि कलेक्टर द्वारा कोविड नियमों का ध्यान रखते हुए परंपरागत रूप से मेले के आयोजन की स्वीकृति दी गई है। काश्यप ने निगमायुक्त सोमनाथ झारिया को मेले के आयोजन की तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए।

सनातन धर्मसभा व महारुद्र समिति के प्रतिनिधिमंडल में कन्हैयालाल मौर्य, नवनीत सोनी, रामचंद्र शर्मा, लालचंद्र टांक, मनोहर पोरवाल, अशोक देवड़ा, महेश व्यास, सत्यदीप भट्ट, बद्रीलाल परिहार, सत्यनारायण पालीवाल, देवशंकर पांडे, बंशीलाल शर्मा, कैलाश भईड़ा, धर्मेंद्र अग्रवाल, बद्रीलाल पाटीदार, धन्नालाल पाटीदार, छोगालाल पाटीदार, मांगीलाल पाटीदार, राखी व्यास, अंजू सोनी, जया सोमानी, किरण भट्ट आदि शामिल रहे।

## 24 दिसंबर से तीन जनवरी तक चलेगा मेला

मेला परिसर में महारुद्र यज्ञ की अनुमति दे दी गई थी। यज्ञ व मेला 24 दिसंबर से तीन जनवरी 2022 तक चलेगा। कलेक्टर ने मेला आयोजन की स्वीकृति देते हुए कहा कि मेले में भीड़ नियंत्रित रखी जाए, संख्या सीमित हो। मालूम हो कि वर्ष 2019 में ग्यारह दिवसीय त्रिवेणी मेला 17 से 27 दिसंबर तक आयोजित किया गया था। मेले में कुश्ती, कवि सम्मेलन, आर्केस्ट्रा आदि का आयोजन किया जाता है।

## संतों के सान्निध्य में होगा महारुद्र यज्ञ

सनातन धर्मसभा व महारुद्र समिति द्वारा 23 दिसंबर को सुबह नौ बजे अगर जी का मंदिर में चौमुखा महादेव का अभिषेक किया जाएगा। तत्पश्चात प्रात: 11 बजे हेमाद्री स्नान त्रिवेणी तट पर किया जाएगा। 24 दिसंबर को प्रात: 11:30 बजे ध्वजारोहण पश्चात अग्नि प्रवेश कर यज्ञ का शुभारंभ संतों के सान्निध्य में किया जाएगा।

एक जनवरी को दोपहर तीन बजे त्रिवेणी तट से रथ यात्रा निकाली जाएगी। दो जनवरी अमावस्या पर माता व बहनों के लिए गंगाजल कलश यात्रा का विशेष आयोजन दोपहर दो बजे किया जाएगा। गंगाजल के पश्चात आगामी 69वें महारुद्र यज्ञ के यजमान हेतु ड्रा निकाला जाएगा। तीन जनवरी को दोपहर तीन बजे 68वें महारुद्र यज्ञ की पूर्णाहुति की जाएगी। प्रतिदिन संध्या आरती पांच बजे की जाएगी। तत्पश्चात विभिन्न धार्मिक आयोजन किए जाएंगे। विशेष प्रतिदिन प्रात: 11:00 बजे डोंगरे जी महाराज द्वारा स्थापित अन्नक्षेत्र पर निराश्रितों को भोजन कराया जाएगा।



शहर विधायक चेतन्य काश्यप से चर्चा करते हुए सनातन धर्मसभा व महारुद्र समिति के प्रतिनिधि। • नईदुनिया

नई दुनिया
14-12-21

# स्ट्रीट लाइट दिन में न जले, इसलिए रोज करते हैं दौरा

## ऊर्जा बचत दिवस : इंजीनियर ने रोकी लाखों रुपये की बिजली बर्बादी

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। बूंद बूंद से घड़ा भरता है, इसी तरह यदि टंकी में कहीं लीकेज हो तो टपकता पानी व्यर्थ जाता है। रतलाम के एक बिजली इंजीनियर ऐसे भी है, जो रोज शहर में विभिन्न स्थानों पर दौरा करते हैं और दिन में स्ट्रीट लाइट न जले, इसके लिए कार्य करते हैं। यह काम वैसे नगर निगम का है, लेकिन बिजली की बर्बादी रोकने के लिए वे स्वयं ही निकल पड़ते हैं।

रतलाम स्थित बिजली वितरण कंपनी के कार्यपालन यंत्री है विनय प्रताप सिंह। बिजली कंपनी ने ये ग्यारह वर्ष से है। रतलाम में पदस्थ हुए दो वर्ष हो चुके हैं। ये लाइन लास घटाने, बिजली का अपव्यय रोकने के लिए विशेष प्रयास करते हैं। नाम के मुताबिक विनयता के साथ न केवल वरिष्ठ अधिकारियों से संपर्क करते हैं, बल्कि उपभोक्ताओं, आम नागरिकों के समक्ष भी नम्रता के साथ पेश आते हैं। उनका मानना है कि जो काम नम्र बनकर प्रेम, उदारता, सदाशयता के साथ किया जा सकता है, वह कार्य कठोरता के साथ नहीं हो सकता है।

विनय प्रताप सिंह स्ट्रीट लाइटों के माध्यम से दिन में होने वाले बिजली अपव्यय रोकने के लिए पिछले दो साल से सक्रिय है। वे अब तक ढाई सौ स्थानों की स्ट्रीट लाइट का कार्य ठीक करा चुके हैं। यह कार्य न होने पर हर पाइंट से आधा यूनिट बिजली प्रतिदिन व दो वर्ष के दौरान लगभग आठ लाख की बिजली का अपव्यय होता। मप्र शासन ने स्ट्रीट लाइट का काम स्थानीय प्रशासन यानि नगर निगम को सौंप रखा है। विनय प्रताप सिंह नगर निगम को विधिवत सूचना देते हैं।

. कार्य न होने पर वे स्वंय ही इसे ठीक करा देते हैं, ताकि अपव्यय रोका जा सके। उन्होंने शहर के हनुमान बाग, हिम्मत विहार, ऋषभदेव कालोनी, नयागांव, राजगढ़, रहमत नगर, जावरा रोड, डोंगरेधाम कालोनी आदि क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट से दिन में बिजली अपव्यय रोका है। अधीक्षण यंत्री मप्रपक्षेविविकं एससी वर्मा ने कहा कि बिजली की बचत ही बिजली का उत्पादन हमारा ध्येय वाक्य रहा है। रतलाम शहर कार्यपालन यंत्री का स्ट्रीट लाइट से दिन में बिजली अपव्यय रोकने के लिए किया जा रहा कार्य प्रशंसनीय है। वैसे दिन में स्ट्रीट लाइट चालू रहना लापरवाही दर्शाता है।

> रतलाम शहर कार्यपालन यंत्री का कार्य प्रेरणादायी है। शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में भी वे आगे रहते हैं। स्ट्रीट लाइट से बिजली अपव्यय रोकने के लिए उनकी पहल काफी अच्छी है।
>
> **- अमित तोमर**, एमडी, मप्रपक्षेविविकं इंदौर

215

राज एक्सप्रेस 14/12/21

# मुख्यमंत्री शिवराज सिंह का रतलाम दौरा:रतलाम पहुंचे मुख्यमंत्री ने रतलाम शहर को 100% वैक्सीनेटेड शहर घोषित किया

## पंचायत चुनाव पर बोले सीएम- चुनाव रुकवाना चाहती है कांग्रेस

शाकम्भरी



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज रतलाम दौरे पर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने मीडिया से चर्चा में रतलाम शहर के 100% वैक्सीनेटेड शहर बनने की घोषणा की। वहीं रतलाम जिले में वैक्सीन के दोनों डोज 90% लगाए जाने पर भी मुख्यमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिले की जनता को बधाई दी। मध्यप्रदेश में पंचायत चुनाव को लेकर पूछे गए सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस चुनाव रुकवाना चाहती है सरकार की मंशा प्रदेश में जल्दी पंचायत चुनाव करवाने की है। मुख्यमंत्री रतलाम मेडिकल कॉलेज में निरीक्षण कर समीक्षा बैठक भी करने वाले थे लेकिन दौरे में करीब 45 मिनट की देरी होने की वजह से मुख्यमंत्री जावरा विधायक राजेंद्र पांडे के पुत्र के विवाह समारोह में शामिल होने के बाद वापस इंदौर लौट गए।

दरअसल मुख्यमंत्री आज मेडिकल कॉलेज में निरीक्षण और समीक्षा बैठक के साथ जावरा विधायक के पुत्र के विवाह समारोह में शामिल होने रतलाम पहुंचे थे। लेकिन करीब 45 मिनट देरी से पहुंचे मुख्यमंत्री केवल वैवाहिक समारोह में शामिल होकर इंदौर के लिए रवाना हो गए। हवाई पट्टी पर ही मुख्यमंत्री ने मीडिया से चर्चा में रतलाम शहर को 100% वैक्सीनेटेड शहर घोषित किया।

सीएम शिवराज सिंह ने कांग्रेस पर पंचायत चुनाव रुकवाने के आरोप लगाए है। सीएम ने कहा कि अब चुने हुए जनप्रतिनिधि आने चाहिए लेकिन कांग्रेस के लोग चुनाव रुकवाने मे लगे है। सीएम आज एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने रतलाम पहुंचे थे । सीएम ने रतलाम शहर में वैक्सीनेशन के अच्छे कार्य को लेकर शहरवासियों को बधाई भी दी।वहीं प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार आचार संहिता के चलते सीएम का मेडिकल कॉलेज दौरा निरस्त करना पड़ा।

सीएम ने मीडिया से चर्चा मे कहा कि वे जनवरी में विकास कार्यों कि समीक्षा करने फिर आएंगे। रतलाम एक बढ़ता हुआ शहर है इसके विकास में कोई कमी नहीं आने देंगे। सीएम ने कहा कि दिसंबर माह तक वैक्सीनेशन का दूसरा डोज पूरा करने कि तैयारी है। कोरोना कि तीसरी लहर ना आए ऐसी कोशिश लगातार की जा रही है।

शाकम्भरी दर्पण 14/12/21

# विवाह समारोह में भीड़ को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग सैंपल लेने में ढिलाई नहीं बरते

स्वदेश

## कलेक्टर ने समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

रतलाम ● स्वदेश समाचार

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने शादी विवाह समारोह में भीड़ को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग टीम भेजकर सैंपल ले और जांच कराए। कोरोना नियंत्रण की दृष्टि से स्वास्थ्य विभाग सैंपल लेने में ढिलाई नहीं बरते।

समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने यह निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर द्वारा उर्वरक उपलब्धता, मुख्यमंत्री राशन आपके द्वार, प्रधानमंत्री स्वनिधि, कोविड-19 अनुकंपा नियुक्ति आदि योजनाओं, कार्यों की समीक्षा की। जनसुनवाई कार्यक्रम में आए आवेदनों के निराकरण की समीक्षा में कलेक्टर ने नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि जनपद पंचायत रतलाम, जनपद बाजना, एसडीएम सैलाना का निराकरण शून्य है जो निष्क्रियता का परिचायक है। मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम की सड़क के बारे में बताया गया कि वहां जितने पेड़ ठेकेदार द्वारा काटे गए उतने लगाए नहीं गए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी श्री मुले को निर्देशित किया कि ठेकेदार के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाए।




कलेक्टर द्वारा रतलाम ग्रामीण के सेमलिया में जल जीवन मिशन की जानकारी ली गई। नल जल योजना के क्रियान्वयन की धीमी गति से एसडीएम ग्रामीण द्वारा अवगत कराया गया। कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री श्री गोगादे के प्रति नाराजगी व्यक्त की। ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है पूछा गया। कार्यपालन यंत्री ने कहा कि ठेकेदार द्वारा शीघ्र समय सीमा में कार्य पूर्ण करने हेतु आश्वस्त किया गया है।

### भिक्षावृत्ति करने वालों को योजना का लाभ दिलाएं

बैठक में जिला आपूर्ति अधिकारी सिद्दीक हुसैन चौधरी द्वारा बताया गया कि शासन की योजना के अंतर्गत भिक्षावृत्ति करने वाले व्यक्तियों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत खाद्य सुरक्षा प्रदान की जाएगी। कलेक्टर ने सभी नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे शासन के निर्देशानुसार भिक्षावृत्ति करने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर योजना का लाभ दिलवाएं।

### सड़कों की स्थिति खराब, सुधार हो

कलेक्टर द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क के महाप्रबंधक तथा लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री को निर्देशित किया कि रावटी-नामली सड़क का निर्माण तेजी से करवाएं। सड़क की स्थिति बहुत खराब है। रतलाम शहर के शैरानीपुरा क्षेत्र की सड़क के सुधार के लिए भी नगर निगम आयुक्त को तेजी से कार्य शुरू करने के निर्देश दिए।

### मेले में भीड़ नियंत्रित रखी जाएं

कलेक्टर ने त्रिवेणी मेला आयोजन के लिए भी निगमायुक्त को निर्देशित किया। कलेक्टर ने कहा कि मेले में भीड़ नियंत्रित रखी जाए, संख्या सीमित हो। बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा आगामी 15 दिसंबर से नगर सरकार आपके द्वार अभियान प्रारंभ होने के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। कलेक्टर द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देशित किया गया। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े, डिप्टी कलेक्टर सुश्री मनीषा वास्कले, सुश्री कृतिका भीमावद, एसडीएम अभिषेक गहलोत, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

स्वदेश
14.12.21

# खुले में गंदगी करने पर 17 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं, मलबा डालकर अतिक्रमण करते है इन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है, जिसके तहत 12 दिसम्बर को 17 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार खुले में गंदगी करने पर लोकेन्द्र, अजय अलकापुरी, कमल, सुभाष, भूपेन्द्र विनोबा नगर, रमेश, प्रवीण मोहन नगर, लालसिंह जवाहर नगर, राजेश पाठक कस्तुरबा नगर पर 100-100, कपील, सुनील विनोबा नगर, बाबूलाल तिवारी, राजेश मोहन नगर, हिम्मत, रतन, उमेश, विकास जवाहर नगर पर 50-50 रूपए का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी। इसके अलावा नगर विभिन्न क्षेत्रों में बिना मास्क वाले 56 व्यक्तियों पर 100-100 रूपए का स्पॉट फाईन पर मास्क अनिवार्य रूप से लगाने की समझाईश दी गई। प्रसारित

## राजबाग, अष्ट विनायक व लालबाग कॉलोनी में पेयजल सप्लाय प्रारंभ

रतलाम। नगर की ऐसी कॉलोनियां जिन्हें धोलावाड़ की मुख्य पाईप लाईन से जोड़ा जा चुका था, किन्तु पेयजल सप्लाय प्रारंभ होना शेष थी निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार ऐसी कॉलोनियों में पेयजल सप्लाय की कार्यवाही नगर निगम के जलप्रदाय विभाग द्वारा प्रारंभ कर दी गई है, जिसके तहत राजबाग, अष्ट विनायक व लालबाग कॉलोनी में मीटर लगाकर 12 दिसम्बर रविवार से पेयजल सप्लाय प्रारंभ की गई। 14-12-21

पेयजल सप्लाय की कार्यवाही के दौरान कार्यपालन यंत्री मोहम्मद हनीफ शेख, उपयंत्री सुहास पंडित, बी.एल. चौधरी व जलप्रदाय विभाग का अमला उपस्थित था।

प्रसारित
14-12-21

सिग्नल बंद हुए तो बनाई लाखों खर्च करके छतरियां

# वाहनों के सुरक्षित संचालन की कोई योजना ही नहीं

## अब इनका भी नहीं हो रहा कोई उपयोग, बदहाल हो रही शहर की यातायात व्यवस्था



**कब सुधरेगी व्यवस्था**

**चालू हो सिग्नल**



पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. शहर में यातायात को संचालन करने के लिए लगाए गए सिग्नल तो बंद है ही इनके बंद होने के बाद यातायात के संचालन को बेहतर करने के लिए जो छतरियां लगाई गई, उनका भी उपयोग नहीं हो रहा है। हालात यह है कि मनमर्जी से शहर में यातायात चलता है, जब जाम लगता है तो यही यातायात भगवान भरोसे रेंगना शुरू हो जाता है। रतलाम शहर में दो पहियां व चार पहिंया मिलाकर 354828 वाहन प्रतिदिन सड़कों पर दौड़ते है, लेकिन इनके बेहतर संचालन के कहां रुकना है व कहां सीधे चलना है, इसको लेकर कोई योजना नहीं बनी।

शहर के यातायात को बेहतर करने के लिए अब तक किसी ने गंभीरता से प्रयास किए ही नहीं। वर्ष 2003-2004 में तत्कालीन कलेक्टर दिप्ती गौड़ मुखर्जी के समय शहर में सिग्नल लगाने की शुरुआत हुई। इसके बाद यह सिग्नल कई बार बंद हुए व फिर शुरू हुए। लेकिन स्थायी रुप से अब तक इनके चलाने के लिए कोई योजना नहीं बनी। ऐसे में शहर के जिन - जिन चौराहों पर इनको लगाया गया, वे बंद हो गए लेकिन सुधारने की जिम्मेदारी निभाने वाली नगर निगम के बिजली विभाग ने इस तरफ कभी ध्यान नहीं दिया।

| | |
|---|---|
| शहर में कुल दो पहिया वाहन | 311902 |
| शहर में कुल चार पहिया वाहन | 20130 |
| जनवरी से नवंबर तक चार पहिंया वाहन का पंजीयन | 2459 |
| जनवरी से नवंबर तक दो पहिंया वाहन का पंजीयन | 20337 |

**नोट - दिए गए आंकड़े जिला परिवहन कार्यालय से प्राप्त है। इनमे से 10 प्रतिशत वाहन 15 वर्ष की समय - सीमा पूरे होने पर कबाड़ में जा चुके है।**

पत्रिका

पत्रिका 14/12/21

# नगर सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविरों का आयोजन 15 दिसंबर से

रतलाम । राज्य शासन के नगर सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत नगरीय निकायों में शिविरों का आयोजन आगामी 15 दिसंबर से किया जाएगा। 30 दिसंबर तक आयोजित होने वाले उक्त जन समस्या निवारण शिविरों में वार्डवार आयोजन के तहत समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने शिविर आयोजन के लिए निकाय स्तर पर नोडल अधिकारी की नियुक्ति तथा दलों के गठन हेतु निर्देशित किया है। परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण श्री अरुण पाठक ने बताया कि शिविरों में मूलभूत सुविधा संबंधी समस्याओं का हल किया जाएगा। जन कल्याणकारी योजनाओं के पात्र तथा वंचित हितग्राहियों को लाभ प्रदान किए जाएंगे। शिकायतों का निराकरण होगा। कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य तथा महिला बाल विकास आदि के सहयोग से प्रत्येक वार्ड में शिविर आयोजन किया जाना है।

शाकम्भरी दर्पण 14/12/11

**पंचायत चुनाव: 1320 मतदान केंद्रों पर 7 लाख से अधिक मतदाता करेंगे मतदान**

# जिले में शुरू हुई नाम निर्देशन की प्रक्रिया, अध्यक्ष पद के लिए आरक्षण टला

पत्रिका करंट इश्यू

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



रतलाम. जिले में पंचायत चुनाव की प्रक्रिया के अंतर्गत सोमवार से नाम निर्देशन पत्र प्राप्ति प्रक्रिया शुरू हो गई। इसके तहत पहले दिन सोमवार को सुबह से लेकर शाम तक किसी भी पद के लिए जिले में कोई भी नाम निर्देशन पत्र प्राप्त नहीं हुआ। उक्त प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर कार्यालय सहित अनुविभाग स्तर पर एसडीएम कार्यालय में भी सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। कलेक्टर कार्यालय के भीतर बैरिकेडिंग की है, जिसके आगे सिर्फ अभ्यर्थी को ही पत्र जमा कराने के लिए जाने की अनुमति है।

पंचायत चुनाव की प्रक्रिया के गति पकड़ने के बाद अब हर दिन कार्यों की समीक्षा भी हो रही है। जिले में होने वाले पंचायत चुनाव को लेकर इस बार 1320 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जहां पर 7 लाख 26 हजार 908 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। वही दूसरी ओर जिला पंचायत में अध्यक्ष पद के लिए आरक्षण की प्रक्रिया मंगलवार को भोपाल में होना थी, जो 18 दिसंबर को होगी। इसमें यह तय होगा कि रतलाम की जिला पंचायत में अध्यक्ष पद के लिए किस वर्ग का व्यक्ति दावेदारी कर सकेगा।

## आयोग ने दी जानकारी

वही दूसरी ओर सचिव राज्य निर्वाचन आयोग ने जानकारी दी है कि पंचायत निर्वाचन में आरक्षित पद से निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थी से यह अपेक्षा रहेगी कि वह नाम निर्देशन-पत्र के साथ मध्यप्रदेश शासन के सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी निर्धारित विहित प्रारूप में जाति प्रमाण-पत्र संलग्न करें। यदि अभ्यर्थी के पास नाम निर्देशन-पत्र भरते समय जाति प्रमाण-पत्र उपलब्ध नहीं है, तो अभ्यर्थी को उस वर्ग का सदस्य होने बाबत, जिसके लिए स्थान आरक्षित है, अपना जाति संबंधी शपथ-पत्र नाम निर्देशन-पत्र की संवीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष प्रस्तुत करना होगा। जाति प्रमाण-पत्र या शपथ-पत्र प्रस्तुत नहीं करने पर नाम निर्देशन-पत्र निरस्त कर दिया जाएगा।

### जिले में मतदान केंद्रों की स्थिति

- 1320 मतदान केंद्र जिले में
- 343 सर्वाधिक मतदान केंद्र जनपद पंचायत रतलाम में
- 239 आलोट में मतदान केंद्र
- 215 जावरा में मतदान केंद्र
- 156 सैलाना में मतदान केंद्र
- 199 बाजना मतदान केंद्र
- 168 पिपलोद मतदान केंद्र

| जिले में मतदाता | पुरुष मतदाता | महिला मतदा |
|---|---|---|
| 7 लाख 26 हजार 908 | 3 लाख 187 हजार | 3 लाख 60 हजार 709 |

- 418 - ग्राम पंचायत
- 7101 - वार्ड
- 418 - सरपंच चुने जाएंगे
- 7101 - वार्डों में पंच
- 6 - जनपद पंचायत
- 6 - जपं अध्यक्ष
- 124-जन सद
- 1 - जिला पंचा
- 16 - वार्ड
- 16 - सदस्

### किस जनपद में कितने सदस्य

| पंचायत | जनपद में वार्ड |
|---|---|
| रतलाम | 25 |
| जावरा | 22 |
| आलोट | 23 |
| पिपलोदा | 19 |
| सैलाना | 20 |
| बाजना | 17 |
| कुल | 124 |

### ग्राम पंचायत और वार्ड

| जनपद पंचायत | ग्राम पंचायत | वार्ड |
|---|---|---|
| रतलाम | 96 | 1700 |
| जावरा | 68 | 1190 |
| आलोट | 90 | 1402 |
| पिपलोदा | 52 | 892 |
| सैलाना | 47 | 823 |
| बाजना | 65 | 1085 |
| कुल | 418 | 7101 |

पत्रिका
14-12-21

कांग्रेस नेता व जीवदया समिति सदस्यों ने बताए नियम

# श्वानों के बधियाकरण से पहले बनेगी समिति, फिर होगी शुरुआत

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



रतलाम. शहर में आगामी 15 दिसंबर से शुरू होने वाले कुत्तों के बधियाकरण कार्य की शुरुआत में संकट के बादल गहरा गए हैं। नियम के अनुसार बधियाकरण करने से पहले एक कमेटी बनाना जरूरी है, जिसका गठन ही नहीं किया गया। अब इसके बारे में सोमवार शाम को जीवदया समिति सदस्य व कांग्रेस नेताओं ने जाकर निगम आयुक्त व अन्य को याद दिलाया। इसके बाद पहले कलेक्टर व निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम की अनुशंसा पर कमेटी का गठन होगा, फिर कुत्तों का बधियाकरण शुरू होगा।

शाम करीब 4 बजे बधियाकरण कार्य को करने की निविदा लेने वाले जयपुर की फर्म संतुलन जीवदया कल्याण के डॉ. नवीश नेहरा व उनके भाई धीरज मेहरा पहुंचे। इनके पीछे पीछे जीवदया समिति के अर्पित उपाध्याय, पल्लवी टांक, आशा दुबे के अलावा पूर्व पार्षद बबीता नागर व अदिति दवेसर पहुंची। दिल्ली से एक फोन एनीमल वेलफेयर कमेटी का आयुक्त के पास आया व उन्होंने कमेटी के बारे में बताया।

## इन नियम में जरूरी

बता दे कि एनिमल कंट्रोल एक्ट 2007 व 2010 की धारा 38 के अनुसार कुत्तों का बधियाकरण करने के पूर्व कई नियम का पालन करना जरूरी होता है। इसके लिए कमेटी होती है जो यह देखती है कि नियम का पालन हो रहा है या नहीं। इस कमेटी में निगम आयुक्त, पशु चिकित्सक, स्वास्थ्य अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता आदि कुत्तों के बधियाकरण कार्य की निगरानी करते है। इस कमेटी के बगैर यह कार्य नहीं हो सकता। निर्णय लिया है कि पहले कमेटी का गठन किया जाएगा, इसके बाद ही कुत्तों का बधियाकरण कार्य शुरू किया जाएगा।

पत्रिका
14.12-21

# स्वास्थ्य विभाग सैंपल लेने में ढिलाई नहीं बरते

## कलेक्टर ने समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक, अधिकारियों को दिए निर्देश



रतलाम। समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने निर्देश दिए कि कोरोना नियंत्रण के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग सैंपल लेने में ढिलाई नहीं बरते। शादी-विवाह बड़ी संख्या में आयोजित हो रहे हैं, विभाग अपनी टीम भेजें, सैंपल ले और जांच कराएं। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े, डिप्टी कलेक्टर सुश्री मनीषा वास्कले, सुश्री कृतिका भीमावद, एसडीएम अभिषेक गहलोत, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, सीएमएचओ डॉ.प्रभाकर ननावरे तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।


बैठक में कलेक्टर द्वारा उर्वरक उपलब्धता, मुख्यमंत्री राशन आपके द्वार, प्रधानमंत्री स्वनिधि, कोविड-19 अनुकंपा नियुक्ति आदि योजनाओं, कार्यो की समीक्षा की। जनसुनवाई कार्यक्रम में आए आवेदनों के निराकरण की समीक्षा में कलेक्टर ने नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि जनपद पंचायत रतलाम, जनपद बाजना, एसडीएम सैलाना का निराकरण शून्य है जो निष्क्रियता का परिचायक है। मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम की सड़क के बारे में बताया गया कि वहां जितने पेड़ ठेकेदार द्वारा काटे गए उतने लगाए नहीं गए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी श्री मूले को निर्देशित किया कि ठेकेदार के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाए।

कलेक्टर द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क के महाप्रबंधक तथा लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री को निर्देशित किया कि रावटी-नायन सड़क का निर्माण तेजी से करवाएं। सड़क की स्थिति बहुत खराब है। रतलाम शहर के शैरानीपुरा क्षेत्र की सड़क के सुधार के लिए भी नगर निगम आयुक्त को तेजी से कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने रतलाम में त्रिवेणी मेला आयोजन के लिए भी निगमायुक्त को निर्देशित किया। कलेक्टर ने कहा कि मेले में भीड़ नियंत्रित रखी जाए, संख्या सीमित हो। बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा आगामी 15 दिसंबर से नगर सरकार आपके द्वार अभियान प्रारंभ होने के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। कलेक्टर द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देशित किया गया।

प्रजातंत्र

14-12-21

# त्रिवेणी तट पर परंपरागत रूप से आयोजित होगा मेला : विधायक काश्यप



प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

सनातन धर्म सभा एवं महारूद्र यज्ञ समिति के प्रतिनिधि मंडल ने विधायक चेतन्य काश्यप से मुलाकात की। इस दौरान त्रिवेणी तट पर प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले महारूद्र यज्ञ के साथ मेले के आयोजन पर चर्चा हुई। समिति की पहल पर विधायक श्री काश्यप ने कलेक्टर कुमार पुरूषोत्तम से चर्चा कर कहा कि त्रिवेणी तट पर परंपरागत रूप से मेले का आयोजन किया जाएगा।

विधायक श्री काश्यप ने प्रतिनिधि मंडल को बताया कि कलेक्टर द्वारा कोविड नियमों का ध्यान रखते हुए परंपरागत रूप से मेले के आयोजन की स्वीकृति दी गई है। श्री काश्यप ने निगमायुक्त सोमनाथ झारिया से भी चर्चा की और उन्हें मेले के आयोजन हेतु की जाने वाली तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। सनातन धर्म सभा एवं महारूद्र समिति के प्रतिनिधि मंडल में कन्हैयालाल मौर्य, नवनीत सोनी, रामचन्द्र शर्मा, लालचंद्र टांक, मनोहर पोरवाल, अशोक देवड़ा, महेश व्यास, सत्यदीप भट्ट, बद्रीलाल परिहार, सत्यनारायण पालीवाल, देवशंकर पांडे, बंशीलाल शर्मा, कैलाश भईड़ा, धर्मेन्द्र अग्रवाल, बद्रीलाल पाटीदार, धन्नालाल पाटीदार, छोगालाल पाटीदार, मांगीलाल पाटीदार, राखी व्यास, अंजु सोनी, जया सोमानी, किरण भट्ट आदि शामिल थे।

## सनातन धर्मसभा एवं महारूद्र यज्ञ समिति की पहल पर कलेक्टर से चर्चा

प्रसारण 15/12/21